Regarding diesel theft from the railway station

श्री संजय जाधव **(परभणी):** धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । मेरे संसदीय क्षेत्र परभणी, महाराष्ट्र में तहसील पूर्णा अंतर्गत एक रेलवे जंक्शन है और उस रेलवे जंक्शन के अंदर रोज 80 हजार लीटर डीजल सप्लाई किया जाता है ।

यहां डीजल में बहुत सारी चोरियां हो चुकी हैं । कम से कम तीन सौ करोड़ रुपये का घोटाला इस स्टेशन के अंतर्गत हुआ है । इसकी जांच अच्छी तरह से हो । जो भी दोषी हैं, उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई हो । मैं आपसे इसकी मांग करता हूं ।